फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉकः नवम्बर 28, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर के थाना शाहपुर पुलिस के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर लूटेरा बदमाश घायल/गिरफ्तार। कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 तमंचा मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक देहात के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बुढाना के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.11.2022 को थाना शाहपुर पर तैनात उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहिगण उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह, का0 1458 मोहित कुमार, का0 63 निरोत्तम सिंह, का0 315 दिनेश शर्मा, का0 1015 पवन शर्मा,का0 2118 रितिक कुमार मय प्राइवेट वाहन के थाना शाहपुर से रवाना होकर वास्ते देखरेख शांति व्यवस्था, रोड गस्त, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, तलाश व दबिश वांछित अभियुक्तगण व विवेचना सम्बन्धित मु0अ0स0–419/22 धारा 394 भादवि में मामूर होकर चौकी मीरापुर क्षेत्र में गस्त करते हुए मधेडा रजवाहे पर बनी पुलिया पर पहुंचे तो मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि 02 व्यक्ति मीरापुर गेट की तरफ से आ रहे है जो मोटरसाइकिल चोरी करते है व लूटते है, जल्दी की जाये तो पकडे जा सकते है तथा मुखबिर चला गया। इस सूचना पर विश्वास करके थाना शाहपुर पुलिस टीम सघन चेकिंग करने लगी। कुछ समय पश्चात मीरापुर गेट से 01 मोटरसाइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी डालते हुए रुकने का ईशारा किया तो मोटरसाइकिल चालक पुलिस टीम से खुद को घिरा समझकर पुलिस टीम पर जान से मारने के नीयत से फायर कर मोटरसाइकिल को मोडकर खेतो की तरफ जाने वाली कच्ची चकरोड पर भागने लगे। बदमाशों द्वारा किये गये फायर से पुलिस टीम बाल–बाल बची तथा अपने प्राइवेट वाहन से बदमाशों का पीछा करने लगे। करीब 100 मीटर चलकर बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी, पुलिस टीम द्वारा अपने प्राइवेट वाहन से उतरकर बदमाशों को आत्मसमर्पण की चेतावनी देते हुए फायरिंग बंद करने को कहा परन्तु बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ और बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर पुनः फायर किया गया। थाना शाहपुर पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ सुक्ष्म फायरिंग की गयी तो कुछ समय पश्चात बदमाशों की तरफ से फायरिंग आना बंद हो गयी तो पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से आगे बढकर टार्च की रोशनी में देखा तो 01 बदमाश ईख के खेत में भागता हुआ दिखायी दिया जिसका पीछा पुलिस टीम द्वारा किया गया परन्तु बदमाश अंधेरे व खडी ईख का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा, थोडी दूर पर 01 बदमाश के करहाने की अवाज आयी तो कां0 निरोत्तम द्वारा पास जाकर देखा गया तो बदमाश द्वारा का0 निरोत्तम के माथे पर अपने तमंचे से वार किया गया जिससे का0 निरोत्तम घायल हो गये तत्काल थाना शाहपुर पुलिस बल द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर बदमाश को दबोचा गया जिसके बाये पैर से खून बह रहा था। घायल/गिरफ्तार को प्राथमिक उपचार देकर नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम **आमिर पुत्र इनाम निवासी मदीना कालौनी थाना सिविल लाइन जनपद मुजफ्फरनगर** बताया तथा अपने भागे हुए साथी का नाम **आशू पुत्र भूरा निवासी मौहल्ला चमडा पैठ कस्बा व थाना भवन जनपद शामली** बताया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 सुपर स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बिना नम्बर बरामद की गयी। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया तथा घायल कां0 निरोत्तम को सीएचसी शाहपुर भेजा गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर पर मु0अ0सं0–426/22 धारा–307 भादवि व मु0अ0सं0–427/22 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री जबर सिंह द्वारा की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः–** पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने व उसके फरार साथी आशू उपरोक्त द्वारा दिनांक 21.11.2022 को थानाक्षेत्र शाहपुर स्थित किनोनी गेट के पास से एक मोटरसाइकिल चालक को घायल कर उससे मोटरसाइकिल लूटी गयी थी। उक्त लूट के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर अभियोग (मु0अ0सं0– 419/22 धारा 394 भादवि) पंजीकृत किया गया था जिसका शाहपुर पुलिस द्वारा सफल अनावरण किया गया। अभियुक्त से बरामद

मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसने व उसके फरार साथी आशू उपरोक्त ने दिनांक 19.08.2022 को थानाक्षेत्र सिखेडा से चोरी की गयी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1. आमिर पुत्र इनाम निवासी मदीना कालौनी थाना सिविल लाइन जनपद मुजफ्फरनगर।

**फरार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1. आशू पुत्र भूरा निवासी मौहल्ला चमडा पैठ कस्बा व थाना भवन जनपद शामली।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त आमिर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0– 146/21 धारा 395,412 भादवि थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।
2. मु0अ0सं0– 149 /21 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना बिलारी जनपंद मुरादाबाद।
3. मु0अ0सं0– 334/22 धारा 392,411 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
4. मु0अ0सं0– 378/22 धारा 307 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
5. मु0अ0सं0– 380/22 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0सं0– 383/22 धारा 414,420,465 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0सं0– 129/22 धारा 379 भादवि थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर।
8. मु0अ0सं0– 419/22 धारा 394 भादवि थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
9. मु0अ0सं0– 274/22 धारा 379 भादवि थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
10. मु0अ0सं0– 426/22 धारा 307 भादवि थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
11. मु0अ0सं0– 427/22 धारा 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 01 सुपर स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बिना नम्बर (थाना सिखेडा पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 129/22 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित)
2. 01 तमंचा मय 01 खोखा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः–**

1. व0उ0नि0/आई0सी0 श्री विष्णु गौतम थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
3. उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
4. का0 63 नरोत्तम सिंह थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
5. का0 1458 मोहित सिरोही थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
6. का0 1015 पवन शर्मा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
7. का0 315 दिनेश शर्मा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
8. का0 2118 रितिक कुमार थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।

**नोटः–** घायल/गिरफ्तार अभियुक्त आमिर उपरोक्त शातिर किस्म का लूटेरा प्रवृत्ति का अपराधी हैं। अभियुक्त द्वारा घटना किए जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्त को बाद उपचार जेल भेजा जाएगा तथा फरार अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।